संख्या-394/2018/277/22-2-2018-17(468)/2017

प्रेषक,

सूर्य प्रकाश सिंह सेंगर,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

महानिरीक्षक,
कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-2 ***लखनऊ: दिनांक 08 मई, 2018***

विषय:- केन्द्रीय कारागार, बरेली में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी महेश पुत्र श्री पूरन, निवासी जनपद-सीतापुर की फार्म-ए के आधार पर समयपूर्व रिहाई के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-5387/प्रोबेशन-3/फार्म-ए (एम-02.05.2017) दिनांक 09.02.2018 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें।

2- आपके उक्त पत्र द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रस्तावानुसार केन्द्रीय कारागार, बरेली में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी महेश पुत्र श्री पूरन, जो- ग्राम-मोहद्दीनपुर, थाना- सिधौली, वर्तमान पता-ग्राम-भीखीपुर, थाना- अटरिया, जनपद-सीतापुर का रहने वाला है। बन्दी ने दिनांक 02.01.1985 को लगभग- 10:00 बजे अपने 10 सहअभियुक्तों के साथ मिलकर बन्दूक, राईफल, तंमचों से फायर कर 21 व्याक्तियों की हत्या कर दी। उक्त अपराध हेतु बन्दी को सत्र परीक्षण संख्या-79/85 में भा0द0वि0 की धारा-302/149, 307/149, 452, 148, 147, 436 के अन्तर्गत मा0 अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (कोर्ट सं0-4), सीतापुर के आदेश दिनांक 25.08.2001 द्वारा आजीवन कारावास के दण्ड से दण्डित किया गया, जिसे मा0 उच्च न्यायालय के आदेश दिनांक 25.07.2002 द्वारा यथावत रखा गया। बन्दी द्वारा दिनांक 10.04.2017 तक 19 वर्ष 05 माह 17 दिन की अपरिहार सजा तथा 24 वर्ष 08 माह 02 दिन की सपरिहार सजा भोगी गयी है। बन्दी का जेल आचरण संतोषजनक है। जिला प्रोबेशन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा बन्दी की समयपूर्व रिहाई की संस्तुति नहीं की गयी है। प्रोबेशन बोर्ड की आख्या में यह उल्लेख किया गया है कि बन्दी ने दिनांक 02.01.1985 को 10 सहअभियुक्तों के साथ मिलकर बन्दूक, राईफल, तंमचों से फायर कर 21 व्याक्तियों की निर्दयतापूर्वक हत्या करने का जघन्य अपराध कारित किया गया है। इस तरह के अपराधियों की समयपूर्व रिहाई से समाज में न्यायिक प्रणाली के बारे में विपरीत संदेश जायेगा। बन्दी के भविष्य में अपराध करने का अवसर होने, अपराध करने में सक्षम होने, जेल में और आगे निरूद्ध रखने का सार्थक प्रयोजन होने, इसकी पुष्टि पुलिस अधीक्षक, जिला मजिस्ट्रेट एवं जिला प्रोवेशन अधिकारी द्वारा 05 बिन्दुओं की आख्या में की गयी है। इस प्रकार बन्दी द्वारा किये गये अपराध की गम्भीरता एवं जनपदीय अधिकारियों द्वारा समयपूर्व रिहाई का किये गये विरोध के दृष्टिगत यू0 पी0 प्रिजनर्स रिलीज आन प्रोवेशन एक्ट, 1938

की धारा-2 के अन्तर्गत सिद्धदोष बन्दी महेश पुत्र श्री पूरन, को फार्म-ए/लाईसेंस के आधार पर रिहा किये जाने की **संस्तुति नहीं** की गयी है।

3- अतः उपरोक्त वर्णित तथ्यों के परिप्रेक्ष्य में मुझे यह सूचित करने का निदेश हुआ है कि बन्दी महेश (बन्दी संख्या-38873) पुत्र श्री पूरन, निवासी जनपद-सीतापुर के फार्म-ए पर यू0पी0 प्रिजनर्स रिलीज आन प्रोबेशन एक्ट, 1938 की धारा-2 के प्राविधानों के अन्तर्गत सम्यक् विचारोपरान्त उसे मुक्ति का पात्र नहीं पाया गया है। अतएव उक्त बन्दी की लाइसेन्स पर मुक्ति शासन द्वारा अस्वीकार कर दी गयी है। तदनुसार उसके फार्म-ए पर शासन के आदेश अंकित करके एतद्द्वारा वापस लौटाया जा रहा है। कृपया प्राप्ति स्वीकार करते हुए शासन के निर्णय से बन्दी को तत्काल अवगत कराने का कष्ट करें।

संलग्नकः यथोपरि।

(बन्दी का फार्म-ए एवं समस्त पत्रादि सहित)

भवदीय,

(सूर्य प्रकाश सिंह सेंगर)
संयुक्त सचिव।

संख्या-394/2018/277(1)/22-2-2018 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- जिला मजिस्ट्रेट, सीतापुर।
2- वरिष्ठ अधीक्षक, केन्द्रीय कारागार, बरेली।
3- निजी सचिव, मा0 राज्यमंत्री, कारागार विभाग को मा0 मंत्री जी के सूचनार्थ।
4- गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(सूर्य प्रकाश सिंह सेंगर)
संयुक्त सचिव।

शासनादेश सख्ंया-394/2018/277/22-2-2018-17(468)/2017

दिनांक 08 मई, 2018 का संलग्नक

<u>सरकार के आदेश</u>

केन्द्रीय कारागार, बरेली में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी महेश पुत्र श्री पूरन, जो- ग्राम-मोहद्दीनपुर, थाना- सिधौली, वर्तमान पता-ग्राम-भीखीपुर, थाना- अटरिया, जनपद-सीतापुर का रहने वाला है। बन्दी ने दिनांक 02.01.1985 को लगभग- 10:00 बजे अपने 10 सहअभियुक्तों के साथ मिलकर बन्दूक, राईफल, तंमचों से फायर कर 21 व्याक्तियों की हत्या कर दी। उक्त अपराध हेतु बन्दी को सत्र परीक्षण संख्या-79/85 में भा0द0वि0 की धारा-302/149, 307/149, 452, 148, 147, 436 के अन्तर्गत मा0 अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश(कोर्ट सं0-4), सीतापुर के आदेश दिनांक 25.08.2001 द्वारा आजीवन कारावास के दण्ड से दण्डित किया गया, जिसे मा0 उच्च न्यायालय के आदेश दिनांक 25.07.2002 द्वारा यथावत रखा गया। बन्दी द्वारा दिनांक 10.04.2017 तक 19 वर्ष 05 माह 17 दिन की अपरिहार सजा तथा 24 वर्ष 08 माह 02 दिन की सपरिहार सजा भोगी गयी है। बन्दी का जेल आचरण संतोषजनक है। जिला प्रोबेशन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा बन्दी की समयपूर्व रिहाई की संस्तुति नहीं की गयी है। प्रोबेशन बोर्ड की आख्या में यह उल्लेख किया गया है कि बन्दी ने दिनांक 02.01.1985 को 10 सहअभियुक्तों के साथ मिलकर बन्दूक, राईफल, तंमचों से फायर कर 21 व्याक्तियों की निर्दयतापूर्वक हत्या करने का जघन्य अपराध कारित किया गया है। इस तरह के अपराधियों की समयपूर्व रिहाई से समाज में न्यायिक प्रणाली के बारे में विपरीत संदेश जायेगा। बन्दी के भविष्य में अपराध करने का अवसर होने, अपराध करने में सक्षम होने, जेल में और आगे निरूद्ध रखने का सार्थक प्रयोजन होने, इसकी पुष्टि पुलिस अधीक्षक, जिला मजिस्ट्रेट एवं जिला प्रोवेशन अधिकारी द्वारा 05 बिन्दुओं की आख्या में की गयी है। इस प्रकार बन्दी द्वारा किये गये अपराध की गम्भीरता एवं जनपदीय अधिकारियों द्वारा समयपूर्व रिहाई का किये गये विरोध के दृष्टिगत यू0 पी0 प्रिजनर्स रिलीज आन प्रोवेशन एक्ट, 1938 की धारा-2 के अन्तर्गत सिद्धदोष बन्दी महेश पुत्र श्री पूरन, को फार्म-ए/लाईसेंस के आधार पर रिहा किये जाने की संस्तुति नहीं की गयी है। उक्त के दृष्टिगत सम्यक् विचारोपरान्त शासन द्वारा बन्दी की फार्म-ए के आधार पर समयपूर्व रिहाई अस्वीकार किये जाने का निर्णय लिया गया है।

(सूर्य प्रकाश सिंह सेंगर)

संयुक्त सचिव।